मिरालैक्स और डल्कोलैक्स विभाजित आंत्र तैयारी

THE OHIO STATE UNIVERSITY
WEXNER MEDICAL CENTER

Miralax and Dulcolax Split Bowel Prep

To prepare for your test or procedure, you will need to clean out your bowels or large intestines. **Review all of the information you are given as soon as you can,** so you are prepared and know what to expect during and after your test. **You may need to make changes to your diet or medicines.**

You will need to adjust your diet 5 days before the test and begin this bowel prep at 3:00 PM the afternoon before your test.

You need to have an adult come with you to your test

You will be given medicine to help you relax during the test that will affect your judgement and reflexes much of the day. For your safety, **you will need a responsible adult to drive you home after the test. Your driver needs to check in for the test with you. If your driver doesn't check in with you, we will need to speak to your driver before we can start your test. Your test will be delayed or cancelled if we cannot speak to your driver.**

- If your driver leaves the facility during the test, **he or she needs to give the staff a phone number where he or she can be reached. Your driver needs to be within 30 minutes** of the endoscopy unit.

अपने परीक्षण या प्रक्रिया की तैयारी करने के लिए, आपको अपनी आंतों या बड़ी आँत को साफ करने की आवश्यकता होगी। **आपको प्रदान की गई सभी जानकारी की समीक्षा जितनी जल्दी हो सके करें,** ताकि इस बारे में आप तैयार हों और आपको पता हो कि परीक्षण के दौरान और बाद में क्या होगा। **आपको अपने आहार या दवाइयों में परिवर्तन करने की आवश्यकता पड़ सकती है।**

आपको परीक्षण के 5 दिन पहले अपने आहार को समायोजित करने की आवश्यकता होगी और इस आंत्र तैयारी को जाँच से पहले दोपहर को 3:00 बजे शुरू करनी होगी।

आपको अपने परीक्षण के लिए एक वयस्क के साथ आने की आवश्यकता है

आपको परीक्षण के दौरान आराम करने में मदद करने के लिए दवा दी जाएगी जो दिन में देर तक आपके निर्णय और विचारों को प्रभावित करेगी। आपकी सुरक्षा के लिए, **आपको परीक्षण के बाद घर ले जाने के लिए एक जिम्मेदार वयस्क की आवश्यकता होगी। आपके ड्राइवर को आपके साथ परीक्षण के लिए चेक इन करना होगा। यदि आपका ड्राइवर आपके साथ चेक इन नहीं करता है, तो हम लोगों को परीक्षण शुरू करने पहले आपके ड्राइवर से बात करने की आवश्यकता होगी। यदि हम आपके ड्राइवर से बात नहीं कर सकते तो आपके परीक्षण में देरी होगी या उसे रद्द कर दिया जाएगा।**

- यदि परीक्षण के दौरान आपका ड्राइवर परिसर से बाहर चला जाता/जाती है, **तो उसे कर्मचारियों को एक फोन नंबर देना होगा जिस पर उससे संपर्क किया जा सके। आपके ड्राइवर को एंडोस्कोपी यूनिट से 30 मिनट की दूरी के भीतर** रहना होगा।

- If you take a cab, bus, or medical transportation service home after the procedure, **an adult, other than the driver needs to ride with you** for your safety.
- You should have **an adult with you to help you after the test at home for at least 6 hours**.

You may need to make changes to your medicines

If you take aspirin or NSAIDs, such as ibuprofen, naproxen, or Celebrex for pain, you **do NOT need to stop** taking these medicines before this test.

If you take medicines for diabetes, ask the doctor who ordered your diabetes medicine how to adjust your medicines for this test.

If you take any of the blood thinner medicines listed below:

- Ask the doctor who ordered this medicine if it is safe for you to stop taking this medicine before the test. **If you have a stent or certain other health problems, do NOT stop taking these medicines.**
- **If your doctor has advised you to NOT stop taking these medicines before the test, please call 614-293-6255 and ask to talk to a nurse.**
- If your doctor agrees you should stop taking any of the medicines listed below, stop for the listed number of days before your test or as your doctor recommends:
  - ❑ Brilinta (Ticagretor) – 5 days
  - ❑ Coumadin (Warfarin) – 5 days
  - ❑ Effient (Prasugrel) – 7 days
  - ❑ Eliquis (Apixaban) – 2 days
  - ❑ Lovenox (Enoxaparin) – 1 day
  - ❑ Plavix (Clopidogrel) – 5 days
  - ❑ Pletal (Cilostazol)– 5 days

- यदि आप प्रक्रिया के बाद घर के लिए एक टैक्सी, बस या चिकित्सा परिवहन सेवा लेते हैं, **तो आपकी सुरक्षा के लिए ड्राइवर के अलावा, एक वयस्क को आपके साथ यात्रा करने की** जरूरत पड़ेगी।
- परीक्षण के बाद घर में **आपकी सहायता के लिए आपके साथ एक व्यस्क को कम से कम 6 घंटे रहना चाहिए।**

आपको अपनी दवाइयों में परिवर्तन करने की आवश्यकता पड़ सकती है।

यदि आप दर्द के लिए एस्प्रिन या NSAID, जैसे कि इबुप्रोफेन, नेप्रोक्सेन, या सेलीब्रेक्स लेते हैं, तो परीक्षण के पहले इन दवाइयों को **लेना बंद करने** की जरूरत नहीं है।

यदि आप मधुमेह के लिए दवाएं लेते हैं, तो उस डॉक्टर से पूछें जिसने मधुमेह वाली दवाई लेने का निर्देश दिया है कि परीक्षण के लिए दवा का समायोजन कैसे करना है।

यदि आप नीचे सूचीबद्ध रक्त पतला करने वाली कोई दवा लेते हैं:

- तो उस डॉक्टर से पूछें जिसने इसे लेने का निर्देश दिया था कि क्या परीक्षण के पहले दवा को बंद करना सुरक्षित होगा। **यदि आपमें स्टेंट लगा है या आपको कुछ अन्य स्वास्थ्य समस्याएं हैं, तो इन दवाइयों को लेना बंद नहीं करें।**
- **यदि परीक्षण के पहले आपके डॉक्टर ने इन दवाइयों को बंद नहीं करने की सलाह दी है, तो कृपया 614-293-6255 पर कॉल करें और किसी एक नर्स से बात करने का अनुरोध करें।**
- यदि नीचे सूचीबद्ध किसी दवा को बंद करने के लिए आपका डॉक्टर सहमत हो जाता है, तो परीक्षण के पहले सूचीबद्ध दिनों के लिए या जैसा आपके डॉक्टर ने अनुशंसित किया हो उसे बंद कर दें।
  - ❑ ब्रिलिंटा (टाइकाग्रेटॉर) - 5 दिन
  - ❑ कूमाडिन (वॉरफ़ेरिन) - 5 दिन
  - ❑ एफ़िएंट (प्रेसुग्रेल) - 7 दिन
  - ❑ इलिक्विस (एपिक्सेबेन) - 2 दिन
  - ❑ लवनॉक्स (एनोक्सेपेरिन) - 1 दिन
  - ❑ प्लेविक्स (क्लोपिडोग्रेल) - 5 दिन
  - ❑ प्लेटल (सिलोस्टाज़ोल) - 5 दिन

- ❑ Pradaxa (Dabigatran) – 2 days
- ❑ Savaysa (Edoxaban) – 2 days
- ❑ Xarelto (Rivaroxaban) – 1 day

The week before your test

You will need to buy 2 medicines from a pharmacy. They can be found in the "laxative" section. Store brands often cost less. **You do not need a prescription**. Ask the pharmacist to help you find what you need.

- ❑ **A large bottle (8.3 ounces or 238 grams) of Miralax (Polyethelene Glycol 3350)**
- ❑ **4 Dulcolax Laxative Tablets (bisacodyl USP 5 mg)** - sold in boxes of 10 tablets or more

Also buy one large 64-ounce bottle of Gatorade, Powerade, or other sports drink that is not red in color. Use Crystal Light or sugar-free sports drinks if you have diabetes. The liquid will be used to mix your Miralax the day before your test.

You will need **clear liquids** from the list to drink during the day before your test.

5 days before your test

- Do not eat any nuts, seeds, popcorn, corn, or green leafy vegetables.
- Stop any iron tablets or vitamins with iron.
- Stop using fiber supplements, like Metamucil, Citrucel, or Fiberall.

About the prep

For this prep, you will drink a medicine mixture and take some pills to clear your bowels of all solid matter. You will need to go to the bathroom often, and your stool will get very watery. The prep may cause you to have cramps or feel bloated.

- ❑ प्रेडेक्सा (डेबिगेटरेन) - 2 दिन
- ❑ सेवेयेसा (एडोक्सेबेन) - 2 दिन
- ❑ सेरेल्टो (रिवेरोक्सेबेन) - 1 दिन

आपके परीक्षण के पहले का सप्ताह

आपको फार्मेसी से 2 दवाइयाँ खरीदने की जरूरत पड़ेगी। उन्हें "रेचक औषधि" अनुभाग में पाया जा सकता है। स्टोर ब्रांड अकसर कम मूल्य के होते हैं। **आपको प्रिस्क्रिप्शन की जरूरत नहीं पड़ती है।** फार्मासिस्ट से आग्रह करें कि वह आपको आपकी जरूरत की चीज खोजने में मदद करे।

- ❑ **मिरालैक्स (पॉलिएथिलीन ग्लायकोल 3350) की एक बड़ी बोतल (8.3 आउंस या 238 ग्राम)**
- ❑ **4 डल्कोलैक्स रेचक टैबलेट (बायसाकोडिल USP 5 मिग्रा)** - 10 या अधिक टैबलेट के डब्बे में बिकता है

साथ ही गेटोरेड, पावरेड, या अन्य स्पोर्ट्स ड्रिंक, जो लाल रंग के नहीं हों, की एक बड़ी 64-आउंस बोतल खरीदें। यदि आपको मधुमेह है तो क्रिस्टल लाइट या शुगर-फ्री स्पोर्ट्स ड्रिंक लें। द्रव्य का उपयोग आपके परीक्षण के पहले आपके मिरालैक्स को मिश्रित करने के लिए किया जाएगा।

आपको अपने परीक्षण से पहले दिन के दौरान सूची में से **विशुद्ध तरल पदार्थ** लेने की जरूरत पड़ेगी।

अपने परीक्षण के 5 दिन पहले

- नट्स, बीज, पॉपकॉर्न, मक्का या हरी पत्तेदार सब्जियाँ नहीं खाएँ।
- कोई भी आयरन वाली टैबलेट या आयरन वाली विटामिन बंद करें।
- मेटाम्युसिल, सिट्रुसेल या फाइबरॉल जैसी फाइबर सप्लीमेंट्स का उपयोग करना बंद कर दें।

तैयारी के बारे में

इस तैयारी के लिए, सभी ठोस पदार्थों को अपनी आंतों से साफ करने के लिए आप दवा का मिश्रण पीएंगे और कुछ गोलियाँ खाएँगे। आपको अक्सर बाथरूम जाना पड़ेगा और आपके मल में बहुत पानी निकलेगा। इस तैयारी के कारण आपको ऐंठन हो सकता है या फूला हुआ महसूस हो सकता है।

Your bowels are clear when you are passing pale yellow liquid without any stool.

The prep medicine may not taste good. You need to take all of it, so your bowels are clear for the test. If your bowels are not cleared, you may have to have the test rescheduled and do another prep.

Clear liquids for prep

These clear liquids are allowed, but **avoid all red colored liquids**:

- Water
- Fruit juices that you can see through such as apple, white cranberry, or white grape
- Popsicles or ice chips
- Ginger ale or lemon-lime soda
- Gatorade, other sports drinks or other drink mixes like Kool-Aid
- Clear broth or bouillon
- Jell-O
- Coffee or tea with no milk or cream added

Day before your test

Do not eat any solid food or eat or drink any milk products until after your test is done. Drink only clear liquids.

Morning

- Start in the morning drinking **only clear liquids**.
- Drink at least four (8-ounce) glasses of water through the day as well as other clear liquids.

आपकी आंतें तब साफ होती हैं जब आप बिना मल के फीका पीला तरल बाहर निकालते हैं।

तैयारी दवा स्वाद में अच्छा नहीं होता है। आपको उसे पूरा लेना पड़ेगा, ताकि आपकी आंत परीक्षण के लिए साफ़ हो जाए। यदि आपकी आंतें साफ नहीं होंगी, तो आपके परीक्षण को पुनः निर्धारित और दोबारा तैयारी करनी पड़ सकती है।

तैयारी के लिए विशुद्ध तरल पदार्थ

इन विशुद्ध तरल पदार्थों की अनुमति है, **लेकिन सभी लाल रंग वाले विशुद्ध तरल पदार्थों से बचें**:

- पानी
- फलों के रस जिसे आप आर-पार देख सकते हैं जैसे सेब, सफेद क्रैनबेरी, या सफेद अंगूर
- पॉप्सिकल्स या आइस चिप्स
- अदरक एल या नींबू का सोडा
- गेटोरेड, अन्य स्पोर्ट्स ड्रिंक या अन्य ड्रिंक मिक्स जैसे कि कूल-एड
- विशुद्ध शोरबा या रस
- जेल-ओ
- कॉफी या चाय जिसमें दूध या क्रीम न मिला हो

अपने परीक्षण से पहले वाला दिन

आपके परीक्षण पूरा हो जाने तक किसी भी ठोस पदार्थ को न खाएं या कोई भी दुग्ध उत्पाद नहीं खाएँ या पीएँ। केवल विशुद्ध तरल पदार्थ पीएँ।

सुबह

- सुबह में **केवल विशुद्ध तरल पदार्थ** पी करके शुरूआत करें।
- दिन भर में अन्य विशुद्ध तरल पदार्थ के साथ कम से कम चार (8-आउंस) ग्लास पानी पीएँ।

At 3:00 PM

- **Take 4 Dulcolax tablets with a drink of clear liquid.**
- Mix the Miralax powder with the sports drink, so the mixture can chill in the refrigerator.
  1. To make room for the Miralax in the sports drink bottle, pour out a cup of the sports drink first and drink it.
  2. Pour the Miralax powder into the sports drink bottle. Put the cap on the bottle and shake it to dissolve the powder.
  3. Place the mixture into the refrigerator to cool. Most people find it is easier to drink if the mixture is cold.

6:00 PM and through the evening

- Start to drink the prep medicine mixture. **Drink one, 8-ounce cup of the mixture every 10 to 15 minutes until you finish half of the mixture.** It is better to drink each cup quickly rather than taking small sips.
- **Drink half of the mixture this evening.** Place the other half of the mixture in the refrigerator. You will need to drink the rest of the mixture in the morning, 6 hours before your test.
- **Continue to drink other clear liquids through the evening.**

Morning of your test

1. **Six (6) hours before your test is scheduled, drink the rest of the Miralax mixture as before.** You may need to set your alarm to get up to finish your prep medicine.

दोपहर 3:00 बजे

- **विशुद्ध तरल पदार्थ के साथ 4 डल्कोलैक्स टैबलेट लें।**
- मिरालैक्स पाउडर को स्पोर्ट्स ड्रिंक से मिलाएँ, ताकि मिश्रण रेफ्रिजरेटर में ठंडा हो सके।
  1. स्पोर्ट्स ड्रिंक में मिरालैक्स के लिए जगह बनाने के लिए, पहले एक कप स्पोर्ट्स ड्रिंक निकालें और पी जाएँ।
  2. मिरालैक्स पाउडर को स्पोर्ट्स ड्रिंक की बोतल में डालें। बोतल का ढक्कन लगाएँ और पाउडर को घोलने के लिए बोतल को हिलाएँ।
  3. मिश्रण को ठंडा होने के लिए रेफ्रिजरेटर में रखें। यदि मिश्रण ठंडा हो तो अधिकतर लोगों को पीना आसान लगता है।

शाम 6:00 बजे और पूरी शाम

- तैयारी दवा का मिश्रण पीना आरंभ करें। **हर 10 से 15 मिनट में एक, 8-आउंस कप मिश्रण पीएँ जब तक कि आप आधा मिश्रण खत्म न कर लें।** छोटी घूंट लेने की बजाय प्रत्येक कप को तेजी से पीना बेहतर होता है।
- **आधा मिश्रण इस शाम को पीएँ।** मिश्रण का शेष आधा हिस्सा रेफ्रिजरेटर में रखें। आपको मिश्रण का शेष हिस्सा सुबह अपने परीक्षण के 6 घंटे पहले पीना होगा।
- **पूरी शाम अन्य विशुद्ध तरल पदार्थ पीते रहें।**

आपके परीक्षण की सुबह

1. **आपके निर्धारित परीक्षण के छह (6) घंटे पहले, पहले की तरह शेष मिरालैक्स मिश्रण पी लें।** आपको उठने के लिए अलार्म लगाना पड़ सकता है ताकि अपनी तैयारी दवाई खत्म कर सकें।

2. Drink two, 8-ounce cups of clear liquids after you finish the prep medicine.
3. **You can drink clear liquids up to 4 hours before your test.** You can take a small sip of water to take blood pressure, heart, seizure, or pain medicine **within 2 hours of your test**. Your test will be delayed or cancelled if you drink anything other than a sip of water with medicines.
4. Please leave all valuables and jewelry including piercings at home.
5. Female patients should come prepared to give a urine sample in case a pregnancy test is needed.
6. Bring these with you to your test:
    - ❑ A list of all medicines, including prescription and over the counter medicines and any vitamin or herbal products you are taking
    - ❑ A list of your allergies
    - ❑ List of medical conditions and previous surgeries
    - ❑ A copy of advanced directive such as a living will or power of attorney
    - ❑ Your photo identification, insurance card and co-payment, if needed

Plan to arrive at the arrival time on your letter, so the staff can get you ready. **Expect to be here 2 to 4 hours for your test and recovery time.**

If you are vomiting up your prep medicine, have not had any bowel movements, or your bowels are not clear, please call 614-293-6255.

2. तैयारी दवा खत्म होने के बाद दो 8-आउंस कप विशुद्ध तरल पदार्थ पीएँ।
3. **आप परीक्षण के 4 घंटे पहले तक विशुद्ध तरल पदार्थ पी सकते हैं।** आप **अपने परीक्षण के 2 घंटे के भीतर** रक्तचाप, हृदय, दौरा या दर्द की दवा लेने के लिए थोड़ा पानी पी सकते हैं। यदि आप दवाओं के साथ पानी की घूंट के अलावा कुछ भी पीते हैं तो आपके परीक्षण में देरी होगी या उसे रद्द कर दिया जाएगा।
4. कृपया पियर्सिंग समेत सभी क़ीमती सामान और गहने घर में ही छोड़ दें।
5. गर्भावस्था परीक्षण आवश्यक होने पर महिला रोगियों को पेशाब की जाँच के लिए तैयार होकर आना चाहिए।
6. परीक्षण के लिए अपने साथ निम्न चीजें लाएँ:
    - ❑ उन सभी दवाइयों की सूची जिन्हें आप ले रहे हैं, जिसमें प्रिस्क्रिप्शन और ओवर-द-काउंटर दवाइयाँ और विटामिन या हर्बल उत्पाद शामिल हैं।
    - ❑ आपकी एलर्जियों की सूची
    - ❑ चिकित्सीय बीमारियाँ और पिछली सर्जरियों की सूची
    - ❑ अग्रवर्ती निर्देश की एक प्रति जैसे वसीयत नामा या वकालतनामा
    - ❑ आपका फ़ोटो पहचान पत्र, बीमा कार्ड और सह-भुगतान, यदि आवश्यक हो तो

अपने पत्र में बताए गए आगमन समय के अनुसार आने की योजना बनाएँ, ताकि कर्मचारी आपको तैयार कर सकें। **अपने परीक्षण और रिकवरी समय के लिए 2 से 4 घंटे यहाँ रहने की उम्मीद के साथ आएँ।**

यदि आप अपनी तैयारी दवा की उलटी कर देते हैं, एक बार भी शौच नहीं हुआ है, या यदि आपकी आंत साफ नहीं है, तो कृपया 614-293-6255 पर कॉल करें।

Miralax and Dulcolax Split Bowel Prep. Hindi.

Talk to your doctor or health care team if you have any questions about your care.

For more health information, contact the Library for Health Information at **614-293-3707** or e-mail **health-info@osu.edu.**

© September 13, 2017, The Ohio State University Wexner Medical Center.